

पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृह खुर्जा बुलंदशहर, को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए गुरुवार को किए गए एग्रीमेंट के अवसर पर उपस्थित पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ● सूचना विभाग

# पर्यटक आवास गृह खुर्जा को पीपीपी मोड पर संचालित करने को करार

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ** : पर्यटन विभाग ने बुलंदशहर के खुर्जा में स्थित राही पर्यटक आवास गृह को पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मोड पर संचालित करने के लिए कृष्णा कांट्रैक्टर्स से करार किया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि शीघ्र ही नौ और पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर संचालित करने के लिए करार किया जाएगा।

इनमें राही पर्यटक आवास गृह भदोही, मुंशीगंज, देवा शरीफ, सुमेर सिंह किला, कपिलवस्तु, शिकोहाबाद, विंध्याचल, मऊ स्थित झील महल रेस्टोरेंट व गोपीगंज के नाम शामिल हैं। कैबिनेट से इन्हें पीपीपी मोड पर संचालित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

यह और उप्र की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें